कार्यालय उ0प्र0 लोक सेवा आयोग,
संख्या– 120/02/ ई–6/एल.टी. ग्रेड/2025–26
प्रयागराजः दिनांक 02 नवम्बर, 2026

विस्तृत विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–**ए–5/ई–1/2025, दिनांक 28.07.2025** द्वारा विज्ञापित **सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरूष/महिला शाखा) परीक्षा–2025** के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, **गणित (पुरूष/महिला)** विषय के पदों का विज्ञप्ति **दिनांक 28.10.2026** के माध्यम से औपबन्धिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेख सत्यापन/मिलान का कार्य **दिनांक 17, 18, 19 व 20 नवम्बर, 2026** को आयोग कार्यालय के **सरस्वती भवन** में निम्नवत् कार्यक्रमानुसार सम्पादित किया जाएगा–

क्र.सं.	विषय	चयन क्रमांक (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक)	चयन क्रमांक (अपराह्न 01:30 बजे से 5:00 बजे तक)	दिनांक
1.	**गणित (पुरूष)**	001 से 100 तक	101 से 200 तक	17–11–2026
2.	**गणित (पुरूष)**	201 से 300 तक	301 से 400 तक	18–11–2026
3.	**गणित (पुरूष)**	401 से 473 तक	————————	19–11–2026
4.	**गणित (महिला)**	————————	001 से 100 तक	19–11–2026
5.	**गणित (महिला)**	101 से 200 तक	201 से 237 तक	20–11–2026

2– उक्त विषय में सफल घोषित अभ्यर्थी **दिनांक 06.11.2026** से आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के Home Page पर **Click here for Advt. No. A-5/E-1/2025, Assistant Teacher, Trained Graduate Grade (Male/Female Branch) Exam-2025 Document Verification** पर Click करने के पश्चात् 'Click here to Authenticate' प्रदर्शित होगा, जिस पर Click करके अभ्यर्थी OTR No. एवं पासवर्ड/ओ0टी0पी0 के माध्यम से Authenticate कर सकते हैं। Authentication की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् स्क्रीन पर 'Applicant Dashboard' स्वतः प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी को संबंधित आवेदित पद के सापेक्ष Check Latest Status पर Click करने के पश्चात् 'Proceed to Print Complete Form Set for Document Verification' पर Click करना होगा। तत्पश्चात् अभ्यर्थी को पूर्व में भरी गयी सूचनाओं के आधार पर ऑनलाइन फार्म–सेट (आवेदन–पत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र, देशना–पत्रक व अंकतालिका विवरण) प्रदर्शित होगा, जिसे मुद्रित करके उसके साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों/प्रमाण पत्रों एवं अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों का 02 सेट तैयार कर उस फार्मसेट के प्रत्येक पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित 02 फोटो तथा 03 अप्रमाणित फोटो अर्थात् कुल 05 फोटो सहित नियत तिथि को प्रथम सत्र में **पूर्वाह्न 09:30 बजे** तथा द्वितीय सत्र में **अपराह्न 01:30 बजे** आयोग परिसर, प्रयागराज स्थित **"सरस्वति भवन"** में पहुँचना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन के

समय शैक्षिक अर्हताओं से संबंधित समस्त अंक–तालिकाओं/उपाधियों, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्रों आदि की मूल प्रतियां भी अपने साथ अवश्य लाएं।

3– अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र (फार्मसेट) के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निम्नलिखित प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य है:–

1– **हाईस्कूल** अंकपत्र तथा प्रमाण प्रत्र की मूल एवं छाया प्रतियां।

2– **इण्टरमीडिएट** अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रतियां।

3– प्रश्नगत पदों के सापेक्ष आयोग द्वारा विज्ञापित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता **स्नातक** के प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर की अंक–तालिका एवं प्रमाण पत्र तथा **शिक्षा स्नातक (बी0एड0)** के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रतियां।

4– अन्य शैक्षिक अर्हता संबंधी अंक–पत्र एवं प्रमाण पत्र।

5– आरक्षण एवं स्थाई निवास के दावे के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी **जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों** की मूल एवं छाया प्रतियां (महिला अभ्यर्थी की दशा में जाति/निवास प्रमाण पत्र शासनादेश संख्या–22/39/1982–कार्मिक–2, दिनांक 17 मई 1984 के अनुसार पिता पक्ष से ही जारी मान्य होगा)।

6–क्षैतिज आरक्षण (भूतपूर्व सैनिक, डी0एफ0एफ0, पी0एच0 इत्यादि) के सम्बन्ध में आयोग के निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की मूल एवं छाया प्रति।

7–सरकारी सेवक/कार्मिक होने की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र **(एन0ओ0सी0)** की मूल एवं छाया प्रति।

8–राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित दो पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटोग्राफ तथा तीन अप्रमाणित फोटोग्राफ।

9– नाम आदि में भिन्नता के संबंध में शपथ–पत्र मूल रूप में।

नोट :– 1– अभ्यर्थीगण निर्धारित तिथि एवं समय पर अभिलेख सत्यापन हेतु अवश्य उपस्थित हों।

2– अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्रों/अभिलेखों से यदि ऐसा पाया जाता है कि वे प्रश्नगत पद हेतु विज्ञापित अनिवार्य अर्हताएं धारित नहीं करते हैं तो उनका चयन/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(शैलेन्द्र सिंह)
अनुसचिव